

# टॉम केलेवाला

Humphreys Odunga
Zablon Alex Nguku
Nandani
2
हिन्दी hi



टॉम पके केलों की टोकरी ढोता है।



टॉम केलों को बेचने बाज़ार जाता है।



बाज़ार में लोग फल खरीद रहे हैं।



पर कोई टॉम के केलों को नहीं खरीदता। वे महिलाओं से फल खरीदना पसंद करते हैं।



लोग कहते हैं “हमारे समाज में केवल महिलाएँ ही फल बेचती हैं।” लोग पूछते हैं “यह किस तरह का पुरुष है?”



पर टॉम ने हार नहीं मानी। उसने आवाज़ लगाई “ले लो, ले लो, मेरे केले लो! मेरे मीठे पके केले ले लो!”



एक महिला ने थाल से केले के गुच्छे को उठाया। उसने केलों को ध्यान से देखा।



उस महिला ने केले खरीद लिए।




और लोग भी ठेले पर आए। उन्होंने टॉम के केले खरीदे और बड़े चाव से खाए।



जल्द ही, थाल खाली हो गया। टॉम ने अपनी कमाई के पैसे गिने।



फिर टॉम ने साबुन, चीनी और ब्रेड खरीदी और उन चीज़ों को अपनी टोकरी में रखा।



टॉम ने टोकरी को अपने सिर पर रखा और घर चला गया।

Global Storybooks

globalstorybooks.net

# टॉम केलेवाला

Humphreys Odunga
Zablon Alex Nguku
Nandani

CC BY